MR. DEPUTY-SPEAKER : I am very sorry, Professor Mukerjee has not followed me correctly. I have said that we must have a full-dress debate on the question of the behaviour of the executive with the Ministers. In consultation with the Speaker and with the concurrence of the BAC some time could be fixed for this discussion. Because we have got another Ministry to be taken up and the cut motions are to be moved, for the time being at least, let the matter be closed with the Law Minister's reply. That is the only suggestion I am making. There must be some end to this discussion. I am not completely shutting out discussion. That is left to the Speaker and the BAC.

SHRI SURENDRANATH DWIVEDY : The statement made by the Deputy Minister here cannot be treated as closed.

MR. DEPUTY-SPEAKER : I am not treating it as closed.

SHRI SURENDRANATH DWIVEDY : Whatever discussion has taken place is only on the basis of the statement of the Deputy Minister which has nothing to do with the Demands of the Law Ministry. So, it will be unfair if you connect or mix the two. Let the demands of the Law Ministry be discussed, as usual and, as you have observed, let the date and time be fixed for discussing this very important matter.

MR. DEPUTY-SPEAKER : I hope you at least agree to the closure of this debate now.

SHRI R. D. BHANDARE : (Bombay Central) : This whole discussion has taken place on the point of order raised by Shri S. M. Banerjee. Then a statement was made by the Minister and discussion followed on that. Now we want to speak on the Demands of the Law Ministry. Sir, you are mixing up the two issues. How could you deny us a discussion of the Ministry ? It is being unfair to the House to do so.

MR. DEPUTY-SPEAKER : I am not mixing the two issues at all. We had just one hour for Law Ministry and we wanted to take up the Ministry of Health and Family Planning and at least touch it, as I had announced. I am not closing this debate. We will spend half an hour for this demand and then take up the next demand. So far as this discussion is concerned, it will be taken up on some other day.

SHRI K. M. KOUSHIK (Chanda) : Mr. Deputy -Speaker, Sir during the centenary celebrations of the Bombay High Court a souvenir was published, and in that souvenir there is a pertinent reference to a salient fact, and it is this. The old British Judges of the Bombay High Court did not even respond to invitations for tea from

Goverment House, the reason being that they did not want, consciously or unconsiously, to be suborned in any manner by the executive in the discharge of their judicial duties. They wanted strictly to adhere to what is known as judicial seclusion. But what do we find to day? A news item appeared in the press recently that a Judge of the Allahabad High Court entertained the Chief Minister to dinner and the members of the bar were greatly agitated over it. Certainly, it is not a healthy practice at all. In this context, I would only say that what the judges were in the past and what the judges are today makes me recall the words of Julius Caesar "What a fall my countrymen ?"

The other day I was in the Supreme Court and it pained me to hear personal attacks of the judge of the Maharashtra High Court who tried an election petition. In fact, for 25 minutes personal attacks were going on against the judge himself with regard to his conduct of the case. Why is all this happening? The reasons are not far to seek. In fact, the Chief Minister has got the power to appoint Vice-Chancellors, members of inquiry commissions and also to send them to foreign countries on certain occasions. These are some of the powers and favours which a Chief Minister could confer on the Judges of the High Court.

16.45 hrs.

[SHRI R. D. BHANDARE *in the Chair*]

It is because of this that the High Court Judges actually try to please the Chief Ministers, as we have been seeing. It is not uncommon that some of these Judges actually wait on the Chief Ministers. So, the matter has come to that.

I would, therefore, like to request the hon. Minister to see that no sort of commissions or appointments should be assigned to a High Court Judge after he retires. This is a salutary rule and it will have a salutary effect if it is very strictly enforced in times to come.

In this context I would also say that it is not only desirable but also necessary now to implement the Law Commission's recommendations with regard to the appointment of Judges and their transfers. To quote only a small instance, supposing that a man has been practising for 25 years in a particular High Court and he is elevated as a Judge in the same High Court. Certainly, it is not a desirable thing at all.

Why ? The cardinal principle of law is that justice should not only be done but it should also appear to be done. Here a man, who has practised, has his own relation with the other members of the Bar. If he is put in the same High Court at the same place, naturally there will be a certain amount of embarrassment. This has to be looked into also. All these difficulties will be obviated if the Law Commission's recommendations are implemented in letter and spirit.

Then, delay in courts is a very important matter. The number of cases pending in the High Courts and the Supreme Court is really shocking. In fact, Justice Shah, when he presided over the Tax Advocates' Conference in Delhi, said that the whole judicial system would break down if the accumulation went on with this speed at which it was now going on. He also showed what was the cause for this. He said—I quote—

> "the illdrafted, illconceived, sometimes solvenly drafted acts, rules, regulations, orders, directions and circulars which are poured out in a continuous and ever-increasing stream from the legislative branch"—

are the causes for this. Is it not correct? In fact, our legislation machinery is a flourishing one It is akin to a basic industry. We have been producing so many acts. It is the only industry which is flourishing very well in our country.

Every legislation is pushed through in hot haste. This leads to vagueness. Justice Shah again says:

> "Hardly a day passes when the courts are not confronted with problems which become difficult because of vagueness, inconsistency and sometimes sheer ineptitude in drafting."

All this can be obviated to a very great extent if really there is no hurry in pushing through legislation. Some time back we passed the Gold Control Bill within five days. This is the way in which legislation is pushed through, in such great hurry. The result is

[Shri K.M. Kaushik]

is that it will be ambiguous, there are several loopholes and naturally so many cases are bound to go to the High Courts and the Supreme Court. Therefore there is congestion of work and naturally delay takes place.

With these submissions, I would request the hon. Law Minister to consider very seriously implementing the recommendations of the Law Commission in this regard.

SHRI BENI SHANKER SHARMA (Banka) : I beg to move:

That the demand under the head Ministry of Law be reduced to Re. 1.

[Failure to translate Acts into Hindi (1)]

That the demand under the head Ministry of Law be reduced to Re. 1.

[Failure to amend old and obsolete Acts (2)]

SHRI ABDUL GHANI DAR : I beg to move :

That the demand under the head Ministry of Law be reduced to Re. 1.

[Failure to take action against the Election Commissioner for his latest statement regarding Kashmir by-elections in which he abused his powers and indulged in politics (8)]

SHRI RAMAVATAR SHASTRI (Patna): I beg to move :

That the demand under the head Ministry of Law be reduced by Rs. 100.

[Failure to publish the laws in Hindi (11)]

That the demand under the head Ministry of Law be reduced by Rs. 100.

[Failure to make the justice cheap and easily available (12)]

That the demand under the head Ministry of Law be reduced by Rs. 100.

[Need to make available free legal advice to the poor (13)]

That the demand under the head Ministry of Law be reduced by Rs. 100.

[Need to make election laws easy and effective (14)]

That the demand under the head Ministry of Law be reduced by Rs. 100.

[Need to enforce strictly the law regarding ceiling on election expenses (15)].

That the demand under the head Ministry of Law be reduced by Rs. 100.

[Need to make law to check beating and withholding of voters from casting their votes and other irregularities committed during elections (16)]

That the demand under the head Ministry of Law be reduced by Rs. 100.

[Failure to take strict action against the persons who incite casteism, provincialism and communalism during elections (17)]

That the demand under the head Ministry of Law be reduced by Rs. 100.

[Failure to guarantee casting of votes by Harijans and other weak people (18)]

That the demand under the head Ministry of Law be reduced by Rs. 100.

[Failure to end the inordinate delay that takes place in hearing the suits (19)].

SHRI G. VISWANATHAN (Wandiwash): I beg to move :

That the demand under the head Ministry of Law be reduced by Rs. 100.

[Reported misbehaviour of the law Secretary towards the Deputy Minister of Law.(9)]

श्री विश्वनाथ पाण्डेय (सलेमपुर) : माननीय चेयरमैन महोदय, विधि मंत्रालय एक महत्त्वपूर्ण मंत्रालय है । मुझे खुशी है कि एक उत्तम और कुशल मंत्री के हाथों में यह मंत्रालय है । इस देश के अन्दर जो तरीका है वह वही तरीका है जोकि यहां पर अंग्रेज छोड़कर चले गए थे । उसी परिपाटी के ऊपर विधि मंत्रालय और सारी कानून की व्यवस्था भारतवर्ष में चल रही है । भारतवर्ष में तीन तरीके की व्यवस्था है । एक माल विभाग, दूसरे दीवानी और तीसरे फौजदारी । माल विभाग के सम्बन्ध में प्रान्तीय सरकारों के माध्यम से कानून बनते हैं । लेकिन दीवानी और फौजदारी खास तौर से केन्द्रीय सरकार के माध्यम से चलती हैं । जब इस देश में लोकतांत्रिक समाजवाद की व्यवस्था को स्वीकार किया गया है और समाजवाद की व्यवस्था को

स्थापित करने का विचार है तब फिर यह आवश्यक हो जाता है कि फौजदारी के अन्दर जो जाब्ता फौजदारी है और ताजीरात हिन्द में यानी इंडियन पैनल कोड और सी० आर० पी० सी०, उनमें आमूल परिवर्तन किया जाये । जब तक इस में आमूल परिवर्तन नहीं करेंगे तब तक सुव्यवस्था देश के अन्दर कायम नहीं हो सकती । इस के अन्दर एक दफ़ा है १०९ जाब्ता फौजदारी के अन्तर्गत है यह दफ़ा अंग्रेजों ने इसलिये रखी थी कि जो गरीब आदमी हैं, जो बेगुनाह हैं उन को फंसा कर के उस दफा के अन्दर बन्द कर दिया जाये । और सैंकड़ों, हजारों आदमी बगैर सबूत और शहादत के कचहरियों में बन्द कर दिये जाते हैं और उन को सजा हो जाती है । तो मैं कहना चाहता हूं कि मंत्री महोदय जितनी जल्दी दफ़ा १०९ जाब्ता फ़ौजदारी से निकाल देंगे उतना ही अच्छा हो ।

16.50 hrs.

[SHRI GADILINGANA GOWD *in the Chair*]

आज इस जनतांत्रिक समाजवाद के अन्दर मुकदमे का लड़ना बहुत ही मुशिकल है । वे ही लोग मुकदमा लड़ सकते हैं जिन के पास धन है । यदि श्री एन० सी० चटर्जी या माननीय मंढारे जैसे वकील को कोई आदमी रखे तो मैं समझता हूं कि उस की जायदाद बिक जायगी । इतना पैसा वह चार्ज करते हैं । तो आवश्यक है कि इस हिन्दुस्तान के अन्दर सस्ता, सरल और सुगम न्याय की व्यवस्था हो, और ऐसी व्यवस्था हो जो शीघ्रता से लोगों को फ़ैसला मिल सके, और जो गरीब निर्धन हैं, जिन के पास पैसा नहीं है उन के लिये तो ऐसी व्यवस्था होनी चाहिये कि निःशुल्क उन्हें कानूनी सहायता प्रदान हो । तब तो वह अपनी कठिनाइयों को न्यायालय के सामने रख सकते हैं, नहीं तो नहीं रख सकते हैं ।

आप ने देखा कि जो ऐडवोकेट लोग बनते हैं उन की भी फ़ीस अधिक रख दी गई है । उन के सामने भी आज अनएमप्लायमेंट का प्रश्न है, वह भी बेकार हैं, कचहरियों में घूमते हैं लेकिन उन को काम नहीं मिलता है । अपने को जन कल्याण कहने वाली सरकार का यह कर्त्तव्य होता है कि वह जो ऐडवोकेट्स हैं, अधिवक्ता हैं, जिन के पास काम नहीं है उन्हें भी काम देने की व्यवस्था करे ।

एक बड़ा गम्भीर प्रश्न देश के सामने है । न्यायपालिका और कार्यपालिका का प्रथकीकरण, कुछ प्रान्तों में तो हो गया है, लेकिन हर प्रान्त में नहीं हो पाया है । और जिन प्रान्तों में कार्यपालिका से न्यायपालिका पृथक हुई भी है उन में भी न्यायपालिका क्लेक्टर और कमिश्नर के अन्तर्गत है । मैं चाहूंगा कि उसे सीधे हाई कोर्ट के अन्तर्गत कर दें जिस से कि कार्यपालिका से कोई उस का सम्बन्ध न हो ।

इस देश के अन्दर एक बड़ी भारी विचित्र घटना यह है कि जजों की नियुक्ति होती है, चाहे सुप्रीम कोर्ट के जज हों, हाई कोर्ट के हों, जिला जज हों या ऐडवोकेट जनरल हों, उन की नियुकित गृह मंत्रालय से होती है । वह विधि मंत्रालय के अन्तर्गत आते हैं लेकिन नियुक्ति उन की गृह मंत्रालय करता है । विधि मंत्रालय के द्वारा नहीं होती है । तो मैं कहना चाहता हूं कि उन की जो नियुक्ति हो वह विधि मंत्रालय के अन्तर्गत हो । विधि मंत्री महोदय कानून के जानकार हैं और जो कानून के जानकार होते हैं वे उस काम को अच्छी तरह से कर सकते हैं ।

अन्त में मैं यह कहना चाहता हूं कि जिस तरह से मेडिकल, इंजीनियरिंग आदि की आल इंडिया सर्विस है उसी तरह से आप को यह करना चाहिये कि जो जुडिशियल सर्विसेज हैं उन का भी आल इंडिया बेसिस करें ताकि एक समानता हो, सारे भारत

[श्री विश्वनाथ पाण्डेय]

में एक ही सर्विस हो । जो मुन्सिफ़ हैं, जज हैं, हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के जज हैं, उन की तनख्वाह में भी आप को वृद्धि करनी चाहिये, उन को अधिक सुविधा प्रदान करें क्यों कि जब आप उन को हर तरह की सुविधा देंगे तो वह न्याय ढंग से दे सकेंगे ।

अभी तक जब कि राजभाषा हिन्दी अपनायी है, क्षेत्रीय भाषाओं को भी आप ने माना है, लेकिन जो फ़ैसले होतें हैं वह हिन्दी भाषा में नहीं हो पाते हैं । मैं आग्रह करूंगा कि मंत्री महोदय अपने मंत्रालय में जो कानून बने हुए हैं अंग्रेजी में उन का हिन्दी अनुवाद करायें । और फ़ैसले जो मुन्सिफ़, जिला जज तथा हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के जजेज करें वह हिन्दी में करें, अपनी भाषा में करें ।

इन शब्दों के साथ जो अनुदान मंत्री महोदय ने सदन में पेश की है उस का मैं समर्थन करता हूं ।

श्री बेनी शंकर शर्मा (बांका) : सभापति महोदय, हमारे माननीय विधि मंत्री महोदय जितने लम्बे, चौड़े, तगड़े और वजनदार हैं उन की रिपोर्ट उतनी ही दुबली, पतली और छोटी है । इस के लिये मैं उन को दोष नहीं दे सकता । वे बेचारे करें भी तो क्या करें । उन के पास कुछ काम ही नहीं है । कहने को ला मिनिस्टर हैं, लेकिन जितने हाई कोर्ट, सुप्रीम कोर्ट के जजेज हैं उन की नियुक्ति करने का उन को कोई अधिकार नहीं है । इस सदन में बहुत पहले से मांग की जा रही है कि होम मिनिस्ट्री के बदले हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के जजेज की नियुक्ति का प्रश्न है वह ला मिनिस्ट्री के अधीन आना चाहिये । मैं सरकार से मांग करूंगा कि अब समय आ गया है कि वह हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के जजों की नियुक्ति ला मिनिस्ट्री के अधीन करे ।

सभापति महोदय, यद्यपि इस मिनिस्ट्री का काम केवल मुंशीगिरी करने का है, जिसे पैरवीकारी कहते हैं, कुछ मामलों की पैरवी करना, दूसरी मिनिस्ट्रीज को सलाह देना, फिर भी इस के जिम्मे तीन और काम हैं, इलेक्शन कमीशन, ला कमीशन और इन्कम टैक्स ट्रिब्युनल्स । इन के सम्बन्ध में मैं कुछ कहना चाहूंगा ।

जहां तक इलेक्शन कमीशन का सवाल है मैं आपका ध्यान और सारे सदन का ध्यान मध्यावधि चुनावों की ओर आकर्षित करूंगा । चुनाव फ़ेयर हों, अच्छे ढंग से हों, ईमानदारी के साथ हों, यह सब की मांग है । हम कहते हैं कि हमारे बैलट पेपर नासिक में छापे जायें, कुछ कहते हैं कि बेलट पेपर्स पर वोटर्स की फोटो हो । लेकिन जहां तक इन मध्यावधि चुनावों का सम्बन्ध है इन में देखा गया कि ऐनब्लाक बूथ के बूथ वोटर अपने वोट ही नहीं डाल सके । एक उदाहरण मैं देना चाहता हूं, बिहार में भी बंगाल में भी और मैं समझता हूं कि उत्तर प्रदेश में भी, कुछ स्थानों में ऐसा ही हुआ होगा । एक नयी टैक्नीक डैवलप कर ली गयी है और उस के अनुसार जो कैंडीडेट काफी तगड़े होते हैं कि वे दस बाहर बूथों पर कब्जा जमा लेते हैं । वे पोलिंग एजेन्ट के रूप में अपने आदमी भेजते हैं या वैसे आदमी रखवाते हैं जिन को वे खरीद सकते हैं । इन चुनावों में देखा गया कि जहां एक हजार वोटर्स का बूथ है वहां 997, 998 तक वोट डाले गये हैं । क्या यह कहीं संभव है । जहां हजार वोटर हों वहां 998 वोट डाले जा सकें ? वहां हुआ यह है कि जिस पोलिंग एजेन्ट का बूथ पर जाने का आठ बजे का समय था उसे सात बजे ही बुला लिया गया और 5, 7 आदमियों ने मिल कर सब बैलट पेपरों को स्टाम्प कर बक्सों में डाल दिया । बैलट पैपर्स नासिक में छपे या वोटर्स का फोटोग्राफ़ उन पर रहे

इससे इस प्रकार की गड़बड़ी रोकी नहीं जा सकती । जब तक पोलिंग अफ़सरों को जो काम दिया गया है करने के लिये उस को वह ठीक और ईमानदारी से नहीं कर सकते हैं तब तक आशा नहीं कर सकते हम कि आगे चुनावों में फेयर वोटिंग हो सकेगी । जो गुंडा गर्दी कर सकते हैं, जो लोगों को खरीद सकते हैं उन्हीं का बोलबाला रहेगा । जिस तरह से चनाव हो रहे हैं मैं कहूंगा कि यह जनतंत्र का एक तरह से जनाज़ा निकल रहा है और लोकतन्त्र बड़े खतरे में है । मैं मंत्री जी से प्रार्थना करूंगा कि वे कुछ ऐसे उपायों को सोचें और सदन के सदस्यों से इस बारे में सलाह लें और सोचें कि किस तरह से निष्पक्ष और फ़ेयर इलेक्शन हो सकता है ।

एक बात मैं ला कमीशन के सम्बन्ध में भी कहना चाहता हूं । ला कमीशन 1956 में नियुक्त किया गया था और उस के बाद 39 रिपोर्टें उस की निकल चुकी हैं लेकिन अभी तक बहुत से पुराने कानून पड़े हुए हैं जिन को छूआ तक नहीं गया है । मैं सुझाव दूंगा कि ला कमीशन में जो एक चेयरमैन और तीन रिटायर्ड जज काम कर रहे हैं उन के बदले कुछ सब कमेटी के रूप में कुछ और जजेज मुकर्रर किये जायें जिस से हमारे जितने पुराने कानून हैं उन का जल्दी जल्दी से सिंहावलोकन कर पुनर्गठन कर सकें ।

एक बात मैं हिन्दू कोड के बारे में भी कहना चाहता हूं । जहां ला मिनिस्टर साहब का सवाल है, हमारे यहां कांग्रेस अपने को समप्रदायवाद से अलग समझती है । लेकिन मेरा कहना है कि कांग्रेस ही सब से बड़ी सामप्रदायवादी संस्था है । आज हिन्दुओं के लिए हिन्दू कोड है, लेकिन दूसरी जातियों के लिये कोई दूसरा कोड नहीं है हमारे यहां सरकार जाति विभेद कर रही है और तफ़रका पैदा कर रही है । मैं कहूंगा कि हिन्दू कोड के बदले एक कामप्रीहेन्सिव सिविल कोड हो जिस के मातहत जितने हिन्दुस्तान के बाशिन्दे हैं, हिन्दु, मुसलमान, ईसाई आदि सभी उस के अन्दर आवें ।

इन्कम टैक्स ट्राइब्यूनल ला मिनिस्ट्री के मातहत आता है । आज इन्कम टैक्स ट्राइब्यूनल में मामलों की संख्या इतनी बढ़ गयी है क्योंकि इन्कम टैक्स डिपार्टमेंट में जब से लिमिटेशन दो वर्ष कर दिया गया है तब से मामले बहुत जल्दी सुलटाये जा रहे हैं और उस के मुकाबले में काम करने वाले इन्कम टैक्स ट्राइब्ल्यूनल्स काफ़ी नहीं हैं । मैं मंत्री जी से कहूंगा कि कलकत्ता, बम्बई और दिल्ली जैसे स्थानों में जहां पैन्डेन्सी बहुत काफ़ी बढ़ रही है वहां और ट्राइब्यूनल बनाये जायें जिस से कम से कम जितने भी मामले हैं उन में 6 महीने से ज्यादा का समय न लगे ।

17 hrs.

श्री रणधीर सिंह (रोहतक) : सभापति महोदय, मैं तीन, चार मिनट में ही अपनी बात ख़त्म कर दूंगा । पहली बात तो मेरी यह है कि जैसा ला मिनिस्टर के सामने मैं पहले भी हाफ़ औवर डिस्कशन के समय अर्ज कर चुका हूं कि हिन्दू सक्सैशन ऐक्ट को लेकर पंजाब, हरियाणा और दिल्ली के लोगों को दिक्कत और परेशानी का अनुभव हो रहा है क्योंकि वह पिछले हजारों सालों से कस्टमरी ला से गवर्न होते रहे हैं और इस हिन्दू सक्सैशन ऐक्ट को वह अपने रस्म, रिवाज आदि में एक रुकावट समझते हैं । इस तरह से उन के रिवाज वगैरह ख़त्म कर दिये जाएंगे । इसीलिए हरियाणा, गवर्नमेंट और पंजाब गवर्नमेंट इस किस्म का ला पास करना चाहती है ताकि उन की मौजूदा दिक्कत व परेशानी ख़त्म हो सके । पंजाब गवर्नमेंट ने एक कमेटी मुकर्रर की हुई है । आप को याद होगा कि ला मिनिस्टर साहब ने यहां कहा था कि कोई स्टेट गवर्नमेंट अगर इस क़िस्म का कोई अमेंडमेंट करना चाहे तो वह कौनकरेंट लिस्ट के मातहत ऐसा कर सकती है । मैं चाहूंगा कि उन का जैसा स्टेटमैंट है, पंजाब की तरफ़ से इस

किस्म का कोई ला आये और हरियाणा सरकार भी कोई इस क़िस्म का अमैंडिंग ला लाना चाहे तो ला मिनिस्टर साहब मेहरबानी कर के उसे मंजूर कर लें। बाक़ी हिन्दुस्तान के दक्षिण राज्यों के वह चाहे मंजूर करें या न करें लेकिन हरियाणा और पंजाब गवर्नमैंट के जरूर मंजूर कर लें। मैं चाहूंगा कि हिन्दू सक्सैसशन ऐक्ट में इस तरह की तरमीम मंजूर की जाये कि लड़की को अपने पिता के यहां हक़ न रहे बल्कि लड़की को उसके पति के यहां अर्थात् फादर इन ला के यहां हक़ मिले।

जैसा कि आजकल एलैक्शन ला है उस में मास स्केल पर यह इम्पर्सोनेशन चलता है। मलत आदमी वोट डाल दिया करते हैं। मैं चाहूंगा कि यह इम्पर्सोनेशन को रूट आउट कर दिया जाये। आज हरिजनों और गरीब व पिछड़े लोगों को इस तरह से इम्पर्सोनेट करा जाता है, ऐसे लोगों के वास्ते जोकि इस तरह की बेजा हरकत करते हैं उन के लिए स्पेशल प्राविज़न लाया जाये और आर पी ऐक्ट के सैक्शन 100 और 123 में इस तरह की तरमीम लाई जाये ताकि वह उन का इम्पर्सोनेशन का फेल मैल प्रैक्टिकल समझी जाये और उनका एलैक्शन रद्द कर दिया जाये।

दूसरी बात मैं यह कहना चहूंगा कि आजकल जो हमारा पंचायती ऐक्ट है वह युनिफ़ार्म नहीं है अर्थात् बिहार का अलग है, हरियाणा का अलग है और पंजाब का अलग है। अलग अलग राज्यों का अलग, अलग है। अब हमारे यहां जुडिशिएरी और ऐक्ज़ीक्यूटिव डिवीज़नल लैविल पर तो अलग है लेकिन अभी जो हमारा पंचायती ऐक्ट है उस में यह जुडिशिएल और एक्ज़ीक्यूटिव अलग अलग नहीं हैं। मैं चाहूंगा कि यह एक्ज़ीक्यूटिव और जुडिशिएरी पंचायत लेविल पर भी अलग अलग हों।

तीसरी मेरी डिमांड यह है कि इस छुआछात को आप कौगनीज़ेबल औफेंस बनायें और साथ ही उस को नौन बेलेबल भी बनायें। ऐसा आदमी जो इस छुआछात को वर्ते उसे ठीक करने के लिए यह ज़रूरी है कि उस औफेंस को नौन बेलेबल बनाया जाये ताकि हवालात में दो, चार हफ्ते उसे रखा जाये क्योंकि जब तक ऐसा नहीं किया जायेगा तब तक उस का दिमाग़ ठीक नहीं होगा।

कैपिटल सैंटैंस के बारे में महज इतना कहना चाहूंगा कि जैसा अन्य मुल्कों में भी है आप आई०पी०सी० के सैक्शन 302 के मतहत बजाय डेथ सैंटैंस के इसे ट्रांसपोर्टेशन लाइफ़ कर दें।

इसी तरह पनिशमैंट फौर रौंगफुल रैस्ट्रेंट के लिए आई० पी० सी० का जो सैक्शन 341 है वह कौग्नीजेबल नहीं है। आजकल यह घेराव करने की बिमारी बहुत जोर पकड़ गयी है और इसलिए इस 341 के औफैंस को कौग्नीजेबल करे बिना गवर्नमैंट का काम ठीक तरीक़े से नहीं चल पायेगा।

आखिर में जो चीज़ मैं कहना चाहूंगा वह यह है कि हाईकोर्टस और सुप्रीम कोर्ट में पैंडिंग केसैज़ की तादाद काफ़ी बढ़ रही है और अभी हालत यह है कि वहां एक, एक पैंडिंग केस की कहीं 7-7 साल में और 10-10 साल में सुनवाई का नम्बर आता है। लिटिगैंट बेचारा बेमौत मारा जाता है और उस की जिंदगी उसी में खत्म हो जाती है। इसलिए न्याय मिलने में देरी न हो और अदालत में पेश मामले जल्दी निपटाये जायें इसके लिए आवश्यक व्यवस्था मंत्रालय शीघ्र से शीघ्र करे। यह ठीक कहा गया है कि :—

जस्टिस डिलेड इज़ जस्टिस डिनाइड

जल्द से जल्द लोगों को इंसाफ़ देने की व्यवस्था की जाय।

श्री रामावतार शास्त्री (पटना) : सभापति महोदय देश को आज़ाद हुए को 22 वर्ष हो रहे हैं, दुनिया बदल रही है और हम लोग खुद भी बदल रहे हैं लेकिन हमारे देश की जो न्याय व्यवस्था है उस में कोई पवितंन मालूम नहीं पड़ता है । हम अभी अभी भी अंग्रेजों की लकीर पर चल रहे हैं जिसके बारे में कई माननीय सदस्यों ने यह ठीक ही बतलाया कि जो हमारी न्याय की व्यवस्था है वह उसी घिसी पिटी लाइन पर चल रही है । गरीबों को उस से ज्यादा फ़ायदा नहीं होता है क्योंकि न्याय बहुत मंहगा है । कई-कई दिन तक उन्हें अदालतों के चक्कर लगाने पड़ते हैं लेकिन उस पर भी उन्हें न्याय नहीं मिल पाता है । हमें न्याय को सस्ता करना होगा और आम जनता तक उसे पहुंचाने की व्यवस्था करनी होगी । इस के लिए यह भी आवश्यक होगा कि जो कानून की किताबें हमारें यहां हैं उन का हम इस देश की पन्द्रहों राष्ट्रभाषाओं में अनुवाद करायें और उन को आम जनता तक ले जायें ताकि वह समझ सकें कि उन के लिए क़ानून की क्या व्यवस्था है ?

आम जनता तक न्याय पहुंचे इस के लिए हमें उस कोर्ट फीस को जोकि अभी बहुत ऊंची है उसे कम करना होगा । आज कोर्ट फ़ीस नीचे से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक बहुत ज्यादा है । कोर्ट फ़ीस इतनी अधिक रहते हुए गरीब अपने मुकद्दमें को लड़ नहीं सकता है और ऊपर तक जाने में उस के सामने तरह-तरह की कठिनाइयां हैं । आज जब उस गरीब आदमी को दो वक्त भरपेट भोजन मुयस्सर नहीं होता है तो वह इतनी अधिक कोर्ट फ़ीस देकर मुकद्दमा कैसे लड़ पायेगा ?

इस के अलावा कार्यपालिका और न्याय-पालिका को पृथक करने की भी ज़रूरत है । अभी बंगाल की संयुक्त मोर्चे की सरकार ने यह फैसला किया है और उसी तरीक़े से आप को भी ऐसा कानून बनाना चाहिए कि यह कार्यपालिका और न्यायपालिका अलग हो जाये ।

एक बात और है । बैरिस्टर हमारे यहां हैं और वह अंग्रेजों के जमाने के हैं और हालांकि उन से आला दर्जे के ऐडवोकेट हमारे यहां हैं और हो चुके हैं लेकिन वे बेरिस्टर अपने को मालूम नहीं क्या समझते हैं जो उन में और एडवोकेट में फर्क माना जाता है ? उस फर्क को आज मिटाने की ज़रूरत हैं । अंग्रेजों के जमाने का जो यह चिन्ह है उस को हम मिटायें और ऐडवोकेट को सचमुच में जो समाज में सम्मान मिलना चाहिए उसे हम दिलायें ।

इस के अलावा चुनाव के सिलसिले में मैं एक बात कहना चहूंगा । कई सदस्यों ने यह ठीक ही कहा कि चुनावों के दर-मियान और चार राज्यों में जो मध्यावधि चुनाव हुए उन में यह देखा गया कि हरिजनों को, पिछड़ी जातियों के लोगों को और मुसलमान वोटरों को लोगों ने मत डालने के लिये जाने नहीं दिया, लाठी के बल उन्हें डरा, धमका कर उन्हें वोट नहीं डालने दिया । कई पोलिंग बूथ ऐसे निकले जहां एक भी एसे वीकर सैक्शन के या माइनारिटी कम्युनिटी के लोग अपना वोट डालने नहीं पहुंच सके और उन के नाम पर दूसरे लोग वोट डाल देते हैं । इस मैल प्रैक्टिस को रोकने के लिए क़ानून मौजूद है लेकिन उस का अमल नहीं होता है । देखना यह है कि उसे हम कैसे अमल में लायें ? जाहिर है कि जब तक हम तमाम लोगों को वोट देने का मौक़ा नहीं देंगे हमारी डेमोक्रेसी या हमारा जनतंत्र ठीक तरह से आगे नहीं बढ़ सकेगा और उसकी जड़ मजबूत नहीं होगी । इस तरीके से सम्प्रदायवाद, जातिवाद, प्रांतवाद और तरह-तरह का प्रचार किया जाता है उस पर सख्ती के साथ रोक लगानी चाहिए । उस के लिए कोई व्यवहारिक क़दम उठाना चाहिए ।

अभी आप ने सीमा बांध रक्खी है कि पार्लियामैंट के चुनाव में कोई भी उम्मीदवार 25000 रुपये से अधिक खर्च नहीं कर सकता लेकिन बनासकांठा में चले जाइये पाटिल साहब पता नहीं कितने लाख रुपया वहां पर खर्च कर रहे हैं । मुझे मालूम है कि यहां पर ही बहुत सारे ऐसे लोग हैं जो कई-कई लाख रुपया खर्च करके इस सदन् में आये हैं इसलिए आपने जो सीमा बनाई है उस सीमा को आप ठीक से अमल में लाइये और अगर वैसा आप कर सकें तो वही बहुत है ।

लेकिन लोग 25,000 से ज्यादा खर्च करते हैं । यह अन्दाज आप को लगता नहीं क्यों कि हिसाब किताब देने वाले तो उसी हिसाब से एलेक्शन रिटर्न दे देते हैं । यह भी एक करप्ट प्रैक्टिस है । इस को कैसे रोका जाये इस के लिए आप कोई व्यावहारिक तरीका निकालना पड़ेगा और कानून में इस की व्यवस्था करनी पड़ेगी ताकि लोग उस से ज्यादा खर्च न करने पायें । अगर हम सचमुच में अपने देश में जनतन्त्र को विकसित करना चाहते हैं और आम जनता तक उस को ले जाना चाहते हैं ताकि उन की राय हर स्तर पर हमको मिले, तो हम को ऐसा करना ही चाहिये । तभी हम सचमुच जनतन्त्र की जड़ को मजबूत कर सकते हैं अन्यथा कानून की किताबें अपनी जगह पर रहेंगी और सारी गड़बड़ी चलती रहेगी ।

मैं थोड़ा सा भ्रष्टाचार का भी जिक्र कर दूं । अब तो वह न्याय विभाग में भी और हाई कोर्ट तक चलने लगा है । जज लोग भी घूसखोरी करने लगे हैं और वहां पैरवी भी चलने लगी है ।

SHRI A. S. SAIGAL : On a point of order. This is not the proper way of putting things. He should not be allowed to make such remarks....

MR. CHAIRMAN : No point of order now. He should resume his seat.

श्री रामावतार शास्त्री : मैंने ठीक कहा कि पैरवी चलती है और घूसखोरी चलती है ।

MR. CHAIRMAN : Please conclude.

श्री रामावतार शास्त्री : मैं सुप्रीम कोर्ट की बात तो जानता नहीं, लेकिन हाई कोर्ट तक की बात अच्छी तरह जानता हूं और जवाब देही के साथ कह सकता हूं कि इस तरह की बातें हो रहीं हैं । मेरे साथ यह घटना घट चुकी है सन् 1957 के चुनाव के बाद आज एग्जिक्यूटिव और जुडिशियरी साथ-साथ है । वही वारन्ट . . . .

MR. CHAIRMAN : Shri D. N. Tiwary. Nothing that Shri Shastri says further will go on record.

श्री द्वा ना तिवारी (गोपालगंज) : महोदय, मैं विधि मंत्री का ध्यान और कानूनों की तरफ तो नहीं, लेकिन पीपल्स रिप्रेजेन्टेशन ऐक्ट की ओर जरूर ले जाना चाहता हूं । पीपल्स रिप्रेजेन्टेशन ऐक्ट में ऐसी बहुत सी खामियां हैं जो मनुष्य को बाध्य करती हैं कि वह गलत काम करे ।

पहले तो मैं कहना चाहता हूं कि हम लोग जितने मेम्बर्स यहां आये हुए हैं वह अपना प्रारम्भ ही झूठ से करते हैं । हम लोग जो एलेक्शन रिटर्न देते हैं वही झूठ होती है । जब यह सदन झूठ से शुरू होता है तब सत्यमेव जयते का अर्थ क्या होगा यह मैं नहीं जानता । इस लिये जो प्रैक्टिकल डिफिकल्टीज हैं उन को हमें देखना चाहिये और हम लोग झूठ से अपना काम न शुरु करें इसलिये हम को चाहिये कि जो एक्स्पैन्डिचर रिटर्न देते हैं इस को उठा देना चाहिये । इस को कानून में रखने की जरूरत नहीं है : किसी ने यहां कहा कि 25,000 रु० की हद् होनी चाहिये । हद् क्या है इस को कैसे साबित किया जायेगा ? कोई 4 लाख खर्च करता है, कोई 10 लाख खर्च करता है, लेकिन इस के लिये किसी

के पास भी सबूत क्या है ? अगर कोई दोस्त खर्च करता है, या कोई और खर्च करता है तो उस पर कोई बन्धन नहीं है । इसलिये इस धारा को हटा देना चाहिये ।

सदन में और भी सजेशन दिये गये हैं, उन सब को मैं दोहराना नहीं चाहता, लेकिन एक बात जरूर कहना चाहता हूं कि आज कल जो चुनाव होते हैं, खासकर जो अभी मध्यावधि चुनाव हुआ है वह एक फार्स ही हुआ है । यह पीपल्स की सही विश को जाहिर नहीं करता । मैंने देखा है, और प्रेजाइडिंग आफिसर ने खुद कबूल किया कि एक आदमी ने 100 बार वोट दिया । उस के बाद जब वह आया तो प्रिजाइडिंग आफिसर नें कहा कि सैंचुरी तो पूरी हो गई अब ज्यादा क्यों देते हो ? सैंचुरी कम्प्लीट हो गई ।

इसी तरह की जो दूसरी खामियां हैं उन की ओर भी ध्यान दिलाना चाहता हूं । चुनाव में जो जबर्दस्त था—मैं किसी पार्टी या दल की बात नहीं करता—उस ने जहां चुनाव हो रहा था उस बूथ को घेर लिया और उस को घेर कर किसी को वहां पर आने नहीं दिया । यह केवल हरिजन या मुसलमान की बात नहीं है, अच्छे-अच्छे लोगों को भी नहीं आने दिया । दस आदमियों ने मिल कर वोट गिनवा दिये । ऐसा भी हुआ है कि कल सुबह वोटिंग होने को है तो आज रात में ही लोगों ने बक्सों में वोट भर दिये । चूंकि पोलिंग या प्रिजाइडिंग अफसर मार खाना नहीं चाहता था, बेइज्जत होना नहीं चाहता था इस वास्ते उसने ऐसा होने दिया, ही एलाउड इट टू बी डन । इसलिए यह सब कुछ हुआ कि उनको कोई प्रोटेक्शन नहीं था । एक दिन में पोलिंग खत्म करने के हक में हम भी थे, लेकिन यह चीज़ टोटल फेल्योर साबित हुई है । कहीं भी किसी भी प्रिजाइडिंग अफसर को कानून के अनुसार काम करने की सुविधा नहीं मिली है । एक गांव में जहां बूथ है वहां वह जाता है तो उस इलाके के जो जबर्दस्त लोग हैं वे आ कर उनको इतना धमकाते हैं कि इन की हिम्मत नहीं होती है कि कुछ कर सकें । यहां तक भी हुआ है कि दूसरे कैंडीडेट के जो पोलिंग एजंट्स वगैरह थे उनको मार कर भगा दिया गया । कोई उनको प्रोटेक्शन नहीं दिया जा सका । रोविंग सक्वैड को जब बताया गया कि वहां गड़बड़ हो रही है तो वह उधर न जा कर दूसरी जगह चला जाता था इस वास्ते कि वह झंझट में पड़ना नहीं चाहता था । कोई जीते, कोई हारे इससे उसको कोई मतलब नहीं था । वे इस फेर में पड़ना नहीं चाहते थे । बिहार और उत्तर प्रदेश का तो मुझे मालूम है, बंगाल का मुझे मालूम नहीं है । पीपल्ज विश का कहीं भी प्रदर्शन नहीं हुआ । सब जगह बोगस काम हुआ । अगर यही इलैक्शन का ढांचा रहा तो और ज्यादा खराबियां पैदा होंगी । लोगों ने खून चख लिया है और अगले इलेक्शन में इससे भी बड़ी ज्यादतियां होंगी । अगर यही ढांचा रहा तो डैमोक्रेसी नहीं रह सकेगी । इलैक्शन कमीशन को मैंने वायर किया, चिट्ठी लिखी, ला मिनिस्टर को वायर किया, होम मिनिस्टर को लिखा । किसी ने यह नहीं लिखा कि हम इनक्वायरी कर रहे हैं । एकनालेजमेंट तो आ गया लेकिन किसी ने यह नहीं कहा कि हम इनक्वायरी कर रहे हैं । दो तीन महीने हो गए हैं, कुछ नहीं हुआ है । इलैक्शन कमिशन में, ला मिनिस्ट्री में या होम मिनिस्ट्री में क्या होता है, मुझे नहीं मालूम । आफिसर्स भी खुले आम पक्षपात से काम लेते हैं । कम्युनिस्ट, सोशलिस्ट, कांग्रेस आदि का कोई ध्यान नहीं । जिस अफसर को जहां सुविधा हुई जहां उनके मन का आदमी हुआ, उसकी उन्होंने मदद की, उसके लिए उन्होंने चंदा इकटठा किया और उसके खिलाफ जो कैंडीडेट था उसके खिलाफ उन्होंने काम किया । जिस किसी की उन्होंने मदद करनी चाही, खुल कर मदद की ।

[श्री द्वा० ना० तिवारी]

हमारे जिले में डी० एम० ने पार्टिजन स्पिरिट से काम किया । मैंने उनको वायर किया । उत्तर प्रदेश के इलैक्शन पहले हो गए थे । दो दिन पहले वहां एलैक्शन हो गए थे । उत्तर प्रदेश से लाठी वाले मोटर पर भर कर आ रहे थे । मैंन खुद इनको पकड़ा । एक थाने में जा कर मैंने एस० आई० को इनफार्म किया, ब्लाक अफसर को इनफार्म किया । किसी ने कुछ नहीं किया । जब उन्होंने कुछ नहीं किया तो मैंने फालो किया और आठ मील पर जा कर उसको जा घेरा । थाने में जा कर पकड़वाया, हमारे जिले के डी० एम० ने उसको छुड़वा दिया । अफसरों की जो धांधली है उससे ऐसा मालूम होता है कि हम लोग उनकी मर्सी पर ही जीते या हारेंगे । इन बातों को आप देखें । मैं नहीं जानता कि केरल में क्या होता है । लेकिन हम लोगों का अनुभव बहुत खराब है । 1967 के इलैक्शन में इतने बड़े पैमाने पर गड़बड़ी नहीं हुई थी जितने बड़े पैमाने पर इस बार हुई है । अगर इतने बड़े पैमाने पर यह न होती तो मैं कह सकता हूं कि आज इन असैम्बलियों की शक्ल दूसरी होती । कौन आता, मैं नहीं कह सकता । लेकिन शक्ल दूसरी होती और दूसरे प्रतिनिधि चुन कर आते । हराना और जिताना डिस्ट्रिक्ट अफसरों के हाथ में है । जिस को वे चाहें हरा दें और जिस को चाहे जिता दें । उनको आपने खुली छूट दे रखी है । प्रोटेकशन का आप प्रबन्ध नहीं करेंगे तो हो सकता है कि चार लठधारी वोटिंग बूथ पर जिस को चाहें वोट डालने दें और जिस को चाहें न डालने दें । यह जो स्थिति है यह अच्छी नहीं है । 75 परसेंट केसिस में इस बार ऐसा हुआ है । मैं चाहूंगा कि कानून मंत्री इस ओर ध्यान दें ।

SHRI JYOTIRMOY BASU (Diamond Harbour) : Sir, at the outset, I would like to say that the gentleman in charge of this ministry, the Law Minister, I cannot help saying, is the most unlawful Law Minister.

MR. CHAIRMAN : No personal reference need be made.

SHRI JYOTIRMOY BASU : He went to Trichur in Kerala and tried to incite the people by saying, "Take the law into your own hands against the Government." What sort of Law Minister is he ?

A very sensational article has come in a Calcutta paper about his predecessor. It is alleged that he has been selling his opinion in favour of parties which were litigating or about to litigate against the Government of India. It should be examined and cleared.

On the one hand, the bureaucrats rule this ministry, as has been revealed today. On the other, the minister very carefully practises nepotism by granting extension to people whom he likes and recruiting such people who are good for nothing.

SHRI RANDHIR SINGH : What is this ? The hon. member should not be so low.

SHRI JYOTIRMOY BASU : I am within my rights.

They have been promising cheap justice. You know, Sir, what cheap justice they have been offering during the last 20 years. What about the Law Commission's reports ? You have put them in cold storage. Why not implement them ?

The Law Minister is a great loophole finder for the Home Ministry. His job is not really to guide the Home Ministry in dishing out justice and good order to the keeper of law and order in the country. We have seen continuously for the last two years how he has been a great loophole finder for the Home Ministry. He has been advising them in curbing freedom and the progressive forces and the workers in the country.

The appointments of High Court Judges are made on political grounds and many questionable ones have been recruited. The matter needs serious consideration.

What about the cases pending in the courts today? It is most deplorable. The number of cases pending with High Courts and those pending for more than five years was as follows : Madras 34,200 and 900 respectively; Bombay 32,800 and 3,400. Kerala 29,600 and 200; Andhra Pradesh 23,000 and 200; Punjab and Haryana 20,700 and 3,300; Delhi 17,000 and 2,100; Gujarat 16,000

and 2,000; Mysore 13,900 and 100; Madhya Pradesh 12,700 and 200; Patna 12,100 and 700; Orissa 8,000 and 28 and Assam and Nagaland 3,000 and 20. What has the Law Minister been doing and what does he propose to do about these arrears? Does he know that justice delayed is justice denied or should we tell him that?

The class character of High Court judges is very often reflected in their judgements. To quote from Victor Hugo's *Les Miserables*, it is 18 years' imprisonment for stealing a piece of loaf ! Whenever there is a progressive piece of legislation, they immediately stay it by an order. About election cases, we have seen what the Government has done in Tripura and Kashmir. The less we talk about it the better.

About the appointment of Government lawyers and panel of advocates for Government cases, there has been serious nepotism, favouritism, lot of back-scratching and mutual admiration. We want to know what is the policy of the Government in this regard.

We suggest that Supreme Court and High Court judges should be elected and not arbitrarily recruited according to the sweet will of the Home Ministry and Law Ministry.

SHRI R. D. BHANDARE (Bombay Central) : Sir, I rise to support the Demands of the Law Ministry. While doing so, I want to make a few suggestions. Firstly, the Law Ministry has not been able to bring before this House one uniform civil code. It is a constitutional position which was accepted at the time of framing of the Constitution, that there would be one Civil Code for the whole country. But that constitutional obligation has not been fulfilled, and I certainly hold this Law Ministry responsible for the failure to implement the provision of the Constitution.

In the Law Commission I do not know whether they have accepted the principle of reservation and how many members belonging to the Scheduled Castes have been taken in. I think the principle should be translated into action and accepted even by the Law Ministry so far as the Law Commission is concerned.

For the appointment of Government pleaders Assistant Government Pleaders reservation have not been observed at all. I think whatever is possible for the Government to do in implementing the principle of reservation ought to be done and it should be insisted upon by the Law Ministry.

The Law Ministry has not been able to give a fair deal to the Buddhists converted from Scheduled Castes. In 1956 when the conversion to Buddhism ceremony took place a small measures was brought before this House running into six lines which said that those who had left the Hindu fold should not be allowed to get the facilities which are entitled to be given to the Scheduled Castes. Those six lines are coming in the way of the Buddhists who have converted themselves to Buddhism for the Scheduled Castes. I, therefore, very humbly draw the attention of the Law Minister to article 25 and after reading article 25 if he comes to the conclusion that I am making some fantastic demand then certainly I am not prepared to raise it.

Education is a question which must fall within the province and precincts of social reform and social welfare. So far as Indian society is concerned I doubt very much whether we have changed from 'status' to 'contract'. So long as there is caste system—I need not mention here the rigours of caste system—we know the views expressed even today in the modern scientific and atomic age by no less a person than Shankaracharya himself, that the status and position of the individual must be taken into consideration and the status at birth should be retained at all costs whatever the efforts of the individual may be. Therefore, I would be entitled to conclude that in the Indian society the position of an individual has not changed from status to contract. This position ought to be changed. In this respect there must be social reform and there must be some change brought about in the society itself.

The Law Minister is bound to say or answer the question saying that educational facilities are meant for those who are within the Hindu fold. Once we accept the position that education is meant as an instrument for social reform and social change then we have got to consider article 25. Sub-article (1) of article 25 speaks of equality of religions. That is an accepted fact and there is no dispute, no denying. Sub-article (2) says:

[Shri R. D. Bhandare]

"(2) Nothing in this article shall affect the operation of any existing law or prevent the States from making any law—

(a) regulating or restricting any economic, financial, political or other secular activity which may be associated with religious practice;"

(b) is more important from my point of view. Sub-para.

(b) reads like this:

(b) providing for social welfare and reform or the throwing open of Hindu religious institutions of a public character to all classes and sections of Hindus."

After reading article 25(2)(b) one is bound to conclude that this is meant for the social welfare and social reform of the Hindu society, that is to say, people who are within the fold of the Hindu society. But, then, there is Explanation II which speaks of those people who should be included in the term "Hindus" for the purpose of social reform and social welfare. It says:

"Explanation II.—In sub-clause (b) of clause (2), the reference to Hindus shall be construed as including a reference to persons professing the Sikh, Jaina or Buddhist religion, and the reference to Hindu religious institutions shall be construed accordingly."

Sir, I do not want to encroach upon your time but, at the same time, I would like to say that I have been arguing the case of the Buddhists for the last five years. Still, this article has not been understood in its proper perspective at all. Everybody is out to argue that the facilities are meant for the Scheduled Castes who are within the fold of the Hindu religion and Buddhists are outside the Hindu religion and, therefore, they should not be given these facilities. But article 25(2) (b), Explanation II specifically, very clearly, glaringly and without ambiguity makes it very clear that for the purpose of social reform and social welfare, Buddhists are included in 'Hindus'. Because of this interpretation, even the Sikhs are given educational facilities. Here I am not asking for political reservation, because that is a different matter. It is only for their social welfare and social reform that I am making this request to the Law Minister to give a proper interpretation of this article in a proper perspective so that the Buddhists could get the educational facilities. I hope this very small request will be conceded. The Prime Minister has very clearly stated that the question of granting of educational facilities to the Buddhists will certainly be taken into consideration by this Government. I think the Law Minister is the proper person to give guidance to the Central Government. It is in that context that I am requesting the Law Minister to give proper interpretation of this article. With these words, I support the Demands.

श्री यशपाल सिंह (देहरादून): अधिष्टाता महोदय, मैं बहुत चाह रहा था कि यह बात कहूं, लेकिन कहे बगैर मुझ से रहा नहीं जाता । मैं माननीय श्री गोविन्द मेनन साहब को इस बात के लिये कान्ग्रेचुलेट करता हूं कि वह अपनी जगह पर पहाड़ की तरह से खड़े रहे, जब कि मुख्तलिफ़ किस्म की गालियां उन को दी गईं, उन के लिये एब्यूसिव लैंग्वेज इस्तेमाल की गई, लेकिन वह पहाड़ की तरह से खड़े रहे । ख्यालाती मुखालफत हो सकती है, विचार-विभ्मता हो सकती है, डिफरेंस आफ़ ओपीनियन हो सकता है, लेकिन किसी को इस तरह से गालियां देना, किसी भी पार्लियामेन्ट्री लैंग्वेज में उचित नहीं है । इस बात के लिये मैं आपको मुबारकबाद देता हूं कि आपने जिस तरह से पहाड़ के ऊपर बूंदे पड़ती हैं और पहाड़ कोई परवाह नहीं करता, उसी तरह से आपने कोई परवाह नहीं की ।

लेकिन इन 22 सालों में जो काम हुआ है, वह नाकाफ़ी है । आज से 20 साल पहले इण्डियन पेनल कोड को मोडिफाई करना चाहिये था, अंग्रेजों के बनाये हुए बोसीदा कानून को नहर में फेंक देना चाहिये था, उस को खत्म कर देना चाहिये था, बालायेताक रख देना चाहिये था । मैंने यूनिवर्सिटी से दरख्वास्त की कि मैं इन्जीनियरिंग पढ़ना

चाहता हूं, लेकिन मुझे जबाब मिला—चूंकि तुम्हारी उम्र 21 साल से ज्यादा है इस लिये तुम इन्जीनियरिंग नहीं पढ़ सकते। 80 साल पहले इनके आका, अंग्रेजों ने जो कानून बनाया था उसी के मातहत आज भी पीटा जा रहा है। इस कानून को बीस साल पहले ही बदल जाना चाहिए था। आज 40 साल की उम्र में अगर मैं इंजीनियरिंग पढ़ना चाहूं तो उसमें कौन सी जमीन फट जायेगी, कौनसा आसमान टूट पड़ेगा और कौन भूकम्प आ जायेगा। ये बोसीदा कानून हो गए हैं जोकि बीस साल पहले ही खत्म हो जाने चाहिए थे। मैं जानना चाहता हूं कि क्या कोशिश की गई है ? संविधान ने और इस सदन ने यह हुक्म दिया है :

'Law is nothing but the will of the people expressed in terms of Law.'

मैं पूछता हूं कि किस जनता से पूछा गया ? ये कानून जिनमें बदबू उठ चुकी है वे कब तक चलते रहेंगे ? आज दस साल तक मुकदमे चलते रहते हैं अदालत में और उसके बाद अदालत का हुक्म होना है कि यह मुकदमा फौजदारी का नहीं है, दिवानी का है। मुद्दई मुद्दाअलेह फंसे रहते हैं लेकिन गवर्नमेंट का तो उसमें कुछ बिगड़ता नहीं। मैं कहता हूं ला का इन्टरप्रिटेशन होना चाहिए, सुन्दर इन्टरप्रिटेशन होना चाहिए—कोई भी इस बात से इन्कार नहीं करता—ला को इन्टरप्रैट करने से गवर्नमेन्ट का रिकार्ड अच्छा होता है और जजों की बुद्धि डेवलप करती है लेकिन उसमें तो मुद्दई और मुद्दाअलैह कुचले जाते हैं इसलिए मैं कहता हूं कि उनकी कास्ट के ऊपर, मुल्जिम की कास्ट के ऊपर ला का इन्टरप्रिटेशन नहीं होना चाहिए।

दूसरी बात यह है कि जिस जबान को मुद्दई मुद्दाअलैह नहीं समझते हैं, जिस जबान को मुल्जिम नहीं समझते हैं उसी वाणी में जज और एडवोकेट बात करते हैं। वह मुल्जिम जिसको की फांसी की सजा दी जा रही है वह उस जबान का एक हर्फ भी नहीं समझता। इसलिए ऐसा कानून होना चाहिए कि जिस जबान को मुद्दई मुद्दालैह समझते हैं, मुल्जिम समझते हैं, उसी जबान में फैसला किया जाये। आज सबसे बड़ा कलंक यह है कि 22 सालों में आज तक एक भी फैसला सुप्रीम कोर्ट में हिन्दुस्तानी जबान में नहीं लिखा गया। मैं मान सकता हूं कि वह फैसले हिन्दी में न लिखे जाते लेकिन उर्दू में ही लिखे जाते, पंजाबी में लिखे जाते, बंगाली में लिखे जाते या मल्यालयम, कन्नड़ में लिखे जाते। लेकिन एक फैसला भी आज तक हिन्दुस्तानी जबान में नहीं लिखा गया। महात्मा गांधी ने कहा था कि मौके के ऊपर जाकर के फैसले दिये जायं—मौके पर जाकर मुआयना किया जाय। लेकिन मौका-मुआयना करने में तो लू और गर्म हवा लगती है, या सर्दी लग सकती है। यहां पर तो सिर्फ कागज का पेट ही भरा जाता है। मैं बड़े विनम्र शब्दों में प्रार्थना करना चाहता हूं कि हमें अंग्रेजों की नकल छोड़नी पड़ेगी, अंग्रेज यहां पर जो कुछ छोड़ गए हैं उसको खत्म करना पड़ेगा।

